**समय- 2 घंटे** **पूर्णांक- 60**

**सूचना- 1] सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

प्रश्न 1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं दो की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **20**

क] निर्गुन कौन देस को बासी ?

मधुकर! हँसि समुझाय, सौंह दै बूझति साँच, न हाँसी ॥

को है जनक, जननि को कहियत, कौन नारि, को दासी ?

कैसो बरन, भेस है कैसो केहि रस कै अभिलासी ॥

पावैगो पुनि कियो आपनो जो रे ! कहँगो गाँसी ।

सुनत मौन ह्वै रह्यो ठग्यो सो सूर सबै मति नासी ॥

ख] सुनि रघुबर बानी बिबुध देखि भरत पर हेतु ।

सकल सराहत राम सो प्रभु को कृपा निकेतु ॥

ग] म्हाँ गिरधर रंग राती ॥

पँचरँग चोला पहर्या सखी म्हाँ, झिरमिट खेलण जाती।

वाँ झिरमिट माँ मिल्या साँवरो, देख्याँ तण मण राती ।

जिणरो पियाँ परदेस बस्याँरी लिख लिख भेज्याँ पाती ।

म्हारा पियाँ म्हारे हीयड़े बसताँ णा आवाँ णा जाती ।

मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर मग जोवाँ दिण राती ॥

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए। **30**

1] भ्रमरगीत काव्य की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

2] रामचरितमानस की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।

3] मीरा की भक्ति के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।



X279YB136D7X279YB136D7X279YB136D7X279YB136D7

प्रश्न 3. अ] निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **05**

1] आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने सूरदास के प्रामाणिक ग्रंथों की संख्या कितनी मानी है?

2] राम को भरत द्वारा मनाने का प्रयास किस काण्ड में हुआ?

3] तुलसीदास की पत्नी का नाम क्या था?

4] मीरा के पति का नाम क्या था?

5] मीरा के काव्य की प्रमुख विशेषता क्या है?

ब] सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **05**

1] सूरदास के काव्य की भाषा निम्न में से कौनसी है।

अ] अवधी आ] ब्रज इ] भोजपुरी ई] राजस्थानी हिंदी

2] भ्रमरगीत में निम्न में से क्या नहीं है।

अ] मधुरता आ] भावुकता इ] वादविदग्धता ई] वीरता

3] रामचरितमानस का मूलस्त्रोत कौनसा ग्रंथ है

अ] रामायण आ] सूरसागर इ] प्रेम सागर ई] कवितावली

4] रामचरितमानस की भाषा मुख्यत कौनसी है

अ] ब्रज आ] भोजपुरी इ] मगधी ई] अवधी

5] निम्नलिखित में से किसने मीरा को विष देकर मारने का प्रयास किया।

अ] राणा विक्रमाजीत सिंह आ] भोजराज इ] राणा सांगा

ई] उदय सिंह

--------****--------



X279YB136D7X279YB136D7X279YB136D7X279YB136D7